(14)

# – प्रतिवेदन –

**कार्यक्रम का नाम** – राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**संयोजक विभाग** – रसायनशास्त्र विभाग

**कार्यक्रम का उद्देश्य** – महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने, नवाचार एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्र नवनिर्माण में वैज्ञानिकों के योगदान को छात्र/छात्राओं को अवगत कराना।

**कार्यक्रम का सारांश** – आज दिनांक 27/02/2026 को प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में, श्रीमती शब्या पटेल (विभागाध्यक्ष रसायनशास्त्र) के मार्गदर्शन में तथा श्री अनिल गुप्ता, श्री अक्षय कुमार साहू एवं श्री पीताम्बर साव के नेतृत्व में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री स्वर्णसिंह सलूजा (महाविद्यालय जनभागीदारी समिति सदस्य), श्री रोशन चौहान (सहा. प्राध्यापक जन्तुविज्ञान) एवं श्री पुरुषोत्तम प्रधान मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी उपस्थित

**उपस्थित छात्र/छात्रा का नाम** –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Kishan Yadav | MSC IV sem. | Kishan |
| (ii) | Amrit Bariha | MSC II sem. | [signature] |
| (iii) | Akanshya purohit | MSC IV sem | [signature] |
| (iv) | Garima sahu | MSC IV sem. | garima |
| (v) | Prasant sahu | MSC II sem. | [signature] |
| (vi) | Himadri Nayak | BSc II sem. | H.Nayak |
| (vii) | Geeta Sahu | BSC II sem | [signature] |
| (viii) | Bhumika Patel | BSC III sem | भूमिका पटेल |
| (ix) | Prabhat Bhoi | BSC II Sem | Prabhat Bhoi |
| (x) | Prashant Bhoi | BSc III Sem | Bhoi |
| (xi) | Amilesh Bhoi | BSc. II Sem. | अमिलेश भोई |
| (xii) | Kumarmani Bhoi | B.SC. III Sem | [signature] |
| (xiii) | Hridayanand Bhoi | B.SC II sem | Bhoi |

[signature]
विभागाध्यक्ष
(रसायनशास्त्र)

[signature]
PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G.)



Scanned with OKEN Scanner



# विज्ञान दिवस पर विविध आयोजन

**सरायपाली।** स्व. राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में प्राचार्य डॉ संध्या भोई के निर्देशन, शब्या पटेल (विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र) के मार्गदर्शन तथा अनिल गुप्ता, अक्षय कुमार साहू एवं पीतांबर बाघ के नेतृत्व में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वर्ण सिंह सलूजा (महाविद्यालय जन भागीदारी समिति सदस्य), रोशन चौहान (सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान) एवं पुरुषोत्तम प्रधान मंचासीन रहे। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह दिन भारत के महान वैज्ञानिक सी वी रमन की एक महान खोज की याद में मनाया जाता है। 28 फरवरी 1928 को उन्होंने रमन प्रभाव की खोज की थी। विशिष्ट अतिथि श्री सलूजा ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए देश के महान वैज्ञानिक सी वी रमन एवं देश के भूतपूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम के राष्ट्र नवनिर्माण में योगदान के बारे में बताया। विभाग अध्यक्ष शब्या पटेल ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के उद्देश्य एवं रमन प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने, नवाचार एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता, मॉडल, पोस्टर प्रतियोगिता एवं रासायनिक अभिक्रियाओं का प्रदर्शन विभाग द्वारा आयोजित किया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संगीता केवर्त एवं द्वितीय स्थान साक्षी सामंतराय, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम आंचल साण्ड व द्वितीय स्थान मीणा प्रधान सभी एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर रसायन शास्त्र ने प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा पुरोहित एवं आभार प्रदर्शन जमुना राणा ने किया।

विभागाध्यक्ष


प्राचार्य
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G.)

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

क्विज स्पर्धा में संगीता प्रथम, साक्षी द्वितीय

# विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने की दी प्रेरणा


पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सरायपाली.** स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विविध शैक्षणिक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में और विभागाध्यक्ष शव्या पटेल के मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन में अनिल गुप्ता, अक्षय साहू एवं पीतांबर बाघ की विशेष भूमिका रही।

महाविद्यालय जनभागीदारी समिति सदस्य स्वर्ण सिंह सलूजा, सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान रोशन चौहान एवं पुरुषोत्तम प्रधान उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने अपने उद्बोधन में बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सीवी रमन की ऐतिहासिक खोज रमन प्रभाव की स्मृति में मनाया जाता है। प्राचार्य ने ज्ञान और विज्ञान के पारस्परिक संबंधों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि स्वर्ण सिंह सलूजा ने महान वैज्ञानिक सीवी रमन और पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान के लिए आगे आने का आह्वान किया। विभागाध्यक्ष शव्या पटेल ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने के उद्देश्य और रमन प्रभाव की वैज्ञानिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता, मॉडल और पोस्टर प्रतियोगिता व रासायनिक अभिक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। क्विज स्पर्धा में एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर की संगीता केवर्त ने प्रथम और साक्षी सामंतराय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर में आंचल साण्ड ने प्रथम, मीणा प्रधान ने द्वितीय स्थान हासिल किया। संचालन आकांक्षा ने व आभार जमुना राणा ने किया।

## स्पर्धा का किया गया आयोजन

**महासमुंद.** वैज्ञानिक डॉ सीवी रमन की स्मृति में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महासमुंद की अटल टिंकरिंग लैब में विविध वैज्ञानिक गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता का विकास करना है। साइंटिफिक रंगोली, पोस्टर, निबंध एवं भाषण स्पर्धा आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने विज्ञान दिवस के कार्यक्रम मे उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विभागाध्यक्ष
(रसायनशास्त्र)

PRINCIPAL
Late Raja Virendra Bahadur Singh
Govt. College Saraipali (C.G.)

Scanned with OKEN Scanner